मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक : छोटेलाल शर्मा**

वर्ष - 11 | अंक -09 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 20 नवंबर से 26 नवंबर 2023 | पृष्ठ : 04 | कीमत : 3 /- रुपये

# महाराष्ट्र में ओबीसी लड़कियों की 100 फीसदी फीस माफ?

## शिंदे सरकार का बड़ा फैसला...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में ओबीसी और आर्थिक रूप से पिछड़ी लड़कियों के लिए अच्छी खबर है. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आदेश के बाद राज्य के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने बड़ा फैसला लिया है. जानकारी सामने आई है कि चंद्रकांत पाटिल राज्य में ओबीसी और आर्थिक रूप से पिछड़ी लड़कियों की 100 फीसदी फीस माफ करने की सिफारिश करेंगे. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने खुद चंद्रकांत पाटिल को ऐसा प्रस्ताव देने का आदेश दिया है. इसके बाद चंद्रकांत पाटिल ने इस संबंध में सिफारिश करने का फैसला किया है. इस फैसले के बाद यह बात सामने



आई है कि 642 कोर्सेज के लिए 1 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रावधान करना होगा. महाराष्ट्र में हाल में एक युवती ने बड़ा फैसला लिया था. फीस के लिए पैसे न होने के कारण इस युवती ने अपनी जिंदगी खत्म करने का बड़ा फैसला लिया था. उसने एक सुसाइड नोट लिखा था, ''सरकार मेरी फीस का 50 फीसदी हिस्सा दे रही है. मैं इसके लिए सरकार को धन्यवाद देती हूं, लेकिन मेरे माता-पिता के पास फीस का शेष 50 प्रतिशत भुगतान करने के लिए पैसे नहीं हैं.''इस घटना ने मुख्यमंत्री के मन को झकझोर कर रख दिया था. इस घटना के चलते मुख्यमंत्री ने राज्य में ओबीसी और आर्थिक रूप से पिछड़ी लड़कियों की 100 फीसदी फीस माफी का प्रस्ताव देने को कहा है. बताया गया है कि यह प्रस्ताव जल्द ही दिया जाएगा.

### कैबिनेट में लिए गए कई फैसले

**बैठक में बालासाहेब ठाकरे स्मृति मातोश्री ग्राम पंचायत योजना का भी विस्तार करने का निर्णय लिया गया है. राज्य कैबिनेट में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग को लेकर भी बड़ा फैसला लिया गया. अब शिक्षण संस्थान समूह विश्वविद्यालय स्थापित कर सकेंगे. इस संबंध में दिशानिर्देशों को मंजूरी दे दी गई है.राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में आज राज्य आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट पेश की गई.**

# प्रसिद्ध बेकरी के पाव में निकली मरी हुई छिपकली



**ठाणे :** इस भाग दौड़ वाली जिंदगी में नरम और कड़क पाव आपकी जिंदगी का अहम हिस्सा हो गया है। सुबह नाश्ता करना है तो गर्म पाव, बाहर काम पर गए तो वड़ापाव, समोसा पाव.. मानो पाव आपकी जिंदगी के अंदर गुल बस गया है, लेकिन जरा यह सोचिए कि अगर रोज खाने वाले पाव के अंदर आपको मरी हुई छिपकली या कॉकरोच मिल जाए तो क्या होगा ? ताजा मामला है ठाणे जिले के भिवंडी शहर का है। यहां रोशन बाग इलाके के रहने वाले मोहम्मद नसीम ने सुबह-सुबह वड़ा पाव खरीदे थे। घर जाकर जब उन्होंने पैकेट खोला तो उसमें मरी हुई छिपकली मिली। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

बता दें कि हिंदुस्तानी होटल के पास एक दुकान से मोहम्मद नसीम ने सुबह 9 बजे के करीब 8 पाव खाने के लिए खरीदे, लेकिन जब वह पाव का पैकेट लेकर घर जाते हैं और उसे खोलकर खाने का प्रयास करते तो उसमें मरी हुई छिपकली दिखती है। मोहम्मद नसीम ने तुरंत पाव में मरी हुई छिपकली का वीडियो बना लिया और लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी कि आप जब भी बेकरी या दुकान से पाव ले रहे हो तो उसे चेक करके लीजिए कि उसमें कोई मरी हुई

## सायन कोली वाडा के विधायक कैप्टन आर तमिल सैल्वन के ओर से भव्य छठ पूजा का आयोजन

**मुंबई-**भारती जनता पार्टी की विधायक कैप्टन आर तमिल सेल्वन के माध्यम से हर साल की भाती इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की आवस्यकता को ध्यान में रखते हुए सायन कोलीवाड़ा विधान सभा क्षेत्र की ओर से विधायक द्वारा वडाला में भव्य छठ पूजा का आयोजन किया गया विधायक कैप्टन आर तमिल सेल्वन रविवार 19 नवंबर 2023 को छठ पूजा के अवसर पर कृत्रिम तालाब अंटाप हील वेयर हाउस वडाला में भव्य पूजा का आयोजन किया गया पिछले कुछ वर्षो से विधायक कैप्टन आर तमिल सेल्वन और अध्यक्ष भाजपा युआ मोर्चा नीरज पाठक सायन कोलीवाड़ा विधान सभा उत्तर भारत के नागरिकों के लिए छठ पूजा का आयोजन करते आ रहे है युवा मोर्चा के अध्यक्ष नीरज पाठक सायन कोलीवाड़ा यूआ मोर्चा के कार्यकताओं को लेकर 15 दिन पहले से तयारी में लग गए थे इस साल छठ पूजा कि जोरदार तयारी की गई इस छठ पूजा में बड़ी संख्या में लोग सामिल हुए इस मौके पर डीजे रंगा रंग भोजपुरी संगीत की भी वेवस्था की गई छठ पूजा करने वाले को किसी भी तरह का कोई परेशानी न हो इसकी लिए विधायक ने सारी तैयारियां कर रखी थी.

## समाज को एक सूत्र में बाधने का कार्य करते हैं छोटेलाल शर्मा

**लखनऊ,** कदम कदम समाचार पत्र के संपादक छोटेलाल शर्मा ने महाराष्ट्र सहित देश के तमाम प्रदेश का दौरा कर यह साबित कर दिए हैं की यदि समाज को जोड़ना हैं तो उसके लिए निस्वार्थ भाव से समाज को एक करना चाहिए और प्रतिभा शाली लोगो को आगे लाना चाहिए लेकिन दुर्भाग्य है. अपने समाज का जलेसी रख करके एक दूसरे को नीचा दिखाने का काम करते है जो समाज



के विकास के लिए रोड़ा साबित होता है मैं सभी संगठन के लोगो का सम्मान करता हूं लेकिन जो संगठन प्रतिभा साली लोगो को दबाने का काम करता है मैं उसको और ऐसे सोच वाले लोगो का समाज में से बहिष्कार करने का भी काम करेगे ताकि समाज एक सूत्र में बधकर काम कर सके और समाज का चहुमुखी विकास हो सके और प्रतिभा शाली लोगो का सम्मान हो सके.

## गोरेगांव में उत्तर भारतीय स्नेह सम्मेलन

**मुंबई-** उत्तर भारतीय सभा एवम उ.प.जिला कांग्रेस द्वारा सामाजिक एवम सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्तर भारतीय स्नेह सम्मेलन का आयोजन संजय निरुपम जी के नेतृत्व में मंगलवार दिनांक 21.11.2023 को सायं 6 बजे से मनपा ओजोन मैदान, प्रेमनगर, गोरेगांव प.पर किया गया है।

इस अवसर पर प्रमुख अतिथी के रुप में उत्तर प्रदेश के तेज तर्रार नेता अजय राय (अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस),सौ.वर्षा गायकवाड (अध्यक्ष मुंबई कांग्रेस) उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर बिहार की सुप्रसिद्ध लोकगीत गायिका सुश्री चंदन तिवारीअपने सुमधुर गीतों के माध्यम से सभी का मनोरंजन करेंगी। इस अवसर पर मुंबई के वरिष्ठ समाज सेवकों,प्रमुख नागरिकों का सम्मान किया जायेगा। इस अवसर पर मुंबई में बसे उत्तर भारतीयों की महत्वपूर्ण समस्याओं पर विशेष रूप से उत्तर भारत के ओर जाने वाली




ट्रेनो,झोपडपट्टी में 1+1 बनाकर रहने वाले लोगों कों एस आर ए के तहत घर,मुंबई में कई पीढ़ियों से रह रहे उत्तर भारतीय ओ.बी.सी. समाज के लिए आरक्षण, टैक्सी,आटो रिक्शा,फेरीवालों की समस्याओं,एवम जातीय जनगणना हेतु सरकार से मांग संबंधी प्रस्ताव पारित किया जायेगा और बाद में मुख्य मंत्री से मुलाकात कर मांग रखी जायेगी। समाज सेवक जयप्रकाश सिंह, डॉ.बाबुलाल सिंह पटेल,एस.के.सिंह, डॉ.सचिन सिंह,दयाशंकर सिंह,ए.एस. अंसारी, डॉ.आर.एम पाल,संतोष विश्व कर्मा,अजय पटेल, हरिकेश यादव, मोहनलाल राज,बबीता गुप्ता,शरीफ खान ने सभी लोगों से इस अवसर पर उपस्थित रहने हेतु अनुरोध किया है।



दि. 17 नवम्बर 2023 दिन सुक्रवार को भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था के संरक्षक श्री राजदेव शर्मा ग्राम उटरुकला ,नौपेडवा के निजी आवास पर पूजा कार्य क्रम में भगवान का प्रसाद व आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।कार्य क्रम में संस्था अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा प्रेरणा श्रोत श्री पूर्णमासी शर्मा,संरक्षक डा.राजेंद्र शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्ना लाल शर्मा उपस्थित रहे।संस्था को आगे बढ़ाने व मजबूती देने पर विचार विमर्श किया गया।



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

### रेलवे सचमुच गंभीर

**अगले तीन-चार वर्षों में हर यात्री को कन्फर्म टिकट देने की योजना को लेकर अगर रेलवे सचमुच गंभीर है तो यह अच्छी बात है। रेल मंत्री की ओर से मीडिया को दी गई सूचनाओं के मुताबिक न केवल देश की तमाम कोच फैक्ट्रियों में दिन-रात काम किया जा रहा है बल्कि ट्रेन की स्पीड बढ़ाने की दिशा में भी कदम उठाए जा रहे हैं। यह खबर ऐसे समय में आई है, जब पर्व-त्योहारों के कारण रेलगाड़ियां ठसाठस भरी हुई हैं और लोग अमानवीय हालात में यात्रा करने को मजबूर हैं। और, यह कोई नई या अनोखी बात नहीं। गर्मी की छुट्टियों या त्योहारों के आसपास ऐसे दृश्य अक्सर दिख जाते हैं। साफ है कि ट्रेन आज भी अपने देश में आम लोगों की यात्रा का सबसे सरल और सहज साधन है। ऐसे में रेलवे को सबके लिए सुलभ, आसान और सुविधाजनक बनाना एक ऐसा लक्ष्य है, जो हर सरकार की प्राथमिकता में होना चाहिए। मगर सचाई यह है कि प्रायः सभी सरकारें इसे चलताऊ ढंग से लेती रही हैं। ऐसे में जब रेलवे की ओर से इतने बड़े लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए काम करने की बात आई है तो इसका स्वागत करते हुए भी यह नहीं भुलाया जा सकता कि यह बेहद कठिन है। इसके लिए न केवल ट्रेनों की संख्या में भारी इजाफा करना होगा बल्कि रेल पटरियों का भी अप्रत्याशित तेजी से विस्तार करना होगा। हालांकि रेलवे की इस योजना पर एक गौर करने से यह जरूर साफ होता है कि इसमें मौजूदा स्थिति और टारगेट के बीच के अंतर पर अच्छी तरह से विचार किया गया है। ऐसे में सवाल सिर्फ यह है कि इस अंतर को भरने की दिशा में पर्याप्त तेजी दिखाई जा सकेगी या नहीं। यानी अगर तय लक्ष्य तक चार साल में पहुंचना है तो इस बीच हर साल 4000-5000 किलोमीटर की नई पटरियां बिछाई जा सकेंगी या नहीं। ट्रेनों की संख्या के मामले में यह हिसाब ज्यादा स्पष्ट रूप में सामने आता है। चार साल में 3000 नई ट्रेनें शुरू करने का मतलब है रोज दो नई ट्रेनें शुरू करनी होंगी। देखना होगा कि यह सिलसिला कितनी जल्दी शुरू होता है और कब तक चलता है। ऐसे ही रेलवे ने हिसाब लगाया है कि इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए गाड़ियों की रफ्तार में भी इजाफा करना होगा ताकि सफर का वक्त बचे। गाड़ियों के ठहरने और गति पकड़ने का टाइम पुल और पुश टेक्नॉलजी के जरिए बचाया जा सकता है और कहते हैं कि उस पर काम भी हो रहा है। मगर दो दिन पहले आई एक रिपोर्ट बताती है कि पिछले साल के मुकाबले इस साल देश में ट्रेनों की औसत गति बढ़ने के बजाय पांच किलोमीटर प्रति घंटा कम हो गई। ऐसे में यही उम्मीद की जा सकती है कि रेलवे की यह नई योजना चुनावी सब्जबाग का हिस्सा न हो, इसे ठोस रूप में अमली जामा पहनाया जाए।**

## मुंबई की बहुमंजिला इमारत में लगी आग



**मुंबई :** दक्षिण मुंबई के ग्रांट रोड इलाके में एक आवासीय इमारत की आठवीं और 12वीं मंजिल पर शुक्रवार सुबह आग लग गई। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दमकल विभाग ने इमारत की 15वीं, 21वीं और 22वीं मंजिल पर रहने वाले कई लोगों को बचाया और उन्हें सीढ़ियों के रास्ते छत पर सुरक्षित पहुंचा दिया है। अधिकारी ने बताया कि आग अगस्त क्रांति रोड पर धवलगिरि इमारत की आठवीं और 12वीं मंजिल पर सुबह करीब नौ बजकर 30 पर आग लगी। अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और आग लगने का कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

## भाई दूज पर मुलुंड कालोनी में कुश्तीयों का विराट दंगल संपन्न

**मुंबई-** जय मल्हार कुश्ती उत्सव मंडल, जय हनुमान व्यायाम शाला, मुलुंड सिटीजन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पुर्व महापौर



स्व.आर.आर.सिंह द्वारा स्थापित परंपरानुसार लगातार 54 वें वर्ष में भाई दूज के अवसर पर कुश्तीयों के विराट दंगल शिवाजी चौक मैदान, गुरूगोविंद सिंह मार्ग, मुलुंड कालोनी पर संपन्न हुआ।

इस दंगल का उद्घाटन डॉ.आर. आर. सिंह ने पुर्व महापौर स्व.आर. आर.सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर प्रमुख अतिथी के रूप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता बी.के.तिवारी, गोविंद सिंह, डॉ.बाबुलाल सिंह, उत्तम गीते, सुप्रसिद्ध भवन निमार्ता भरत पटेल, दयाशंकर सिंह, सहाजी दिवेकर, संतोष विश्वकर्मा, डॉ.सचिन सिंह, डॉ.आर.एम.पाल, आर पी आई नेता विनोद जाधव, प्रभाकर कांबले, हनुमंत माली, दयाशंकर पाल सहित कई गणमान्य नेता उपस्थित रहे।

इस दंगल में मुंबई पुलिस, नई मुंबई, कल्याण, भिवंडी, पुणे, कोल्हापुर, ठाणे, अहमदनगर, जलगांव, नांदेड, जालना, के पहलवानों ने हिस्सा लिया। जिसमें विजय चौधरी, रामदास, ऋषि दूबे, अली पहलवान, योगेश महाजन, महेंद्र चिकणे, हरीश, हरीश राजपूत प्रमुख थे छोटे, बडे 40 जोडी कुश्तियां लड़ गई।

फाइनल राउंड में मुंबई पुलिस के हरीश पहलवान ने जालना के हरीश राजपूत को पटखनी देकर ट्राफी, नकद राशि, प्रमाण पत्र, मेडल प्रमुख अतिथियों द्वारा प्राप्त किया।

कुश्ती पंच के रूप में कमला प्रसाद यादव, भगवान किशोर तिवारी ने कार्य किया। दंगल के आयोजन में राजन उटवाल, राजेंद्र श्रीवास्तव, उमेश वाणी, सुदाम दरेकर, विपुल गोगरी, निक्सन, भगत सिंह, राजबहादुर गुप्ता, गयाप्रसाद गुप्ता, देवेन्द्र (बाबुलाल), हर्ष जोशी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## समाजसेवी दिनेश श्रीवास्तव की माताजी को दी गई श्रद्धांजलि

**मुंबई।** खार (पूर्व) गुरु सिंह साहेब सभागृह, जवाहर नगर, खाररोड में वरिष्ठ समाजसेवी की। युवा समाजसेवी दिनेशचंद्र श्रीवास्तव पुत्र राजकिशोर श्रीवास्तव ने अपनी माताजी की



स्मृति शेष राज किशोर श्रीवास्तव की धर्मपत्नी स्मृति शेष राम किशोरी श्रीवास्तव को मुंबई महानगर के समाजसेवियों ने श्रद्धांजलि अर्पित आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जहां राष्ट्रीय कवि एवं वरिष्ठ पत्रकार विनय शर्मा दीप, प्रबंध संपादक (कदम कदम पर) अनिल कुमार शर्मा, संतोष निरंकार शर्मा, प्रधान संपादक (कदम कदम पर) छोटेलाल शर्मा, रामलाल वर्मा, भानु प्रताप शर्मा, चंद्र भूषण शर्मा (नई उम्मीद फाउंडेशन), एफ सी शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुनील वर्मा, लक्ष्मीकांत दुर्गे शर्मा, रविन्द्र कुमार शर्मा, रामकुमार वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में समाजसेवी एवं शुभचिंतकों ने पुष्प अर्पित कर उनकी माता को श्रद्धांजल

## पटाखे फोड़ने पर विवाद, युवक पर जानलेवा हमला



**नालासोपारा :** तुलिंज पुलिस क्षेत्र के संतोष भवन में पटाखे फोड़ने को लेकर हुए विवाद में तीन लोगों ने एक युवक पर लोहे की राड से जानलेवा हमला कर दिया। इससे वह पूरी तरह जख्मी हो गया। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार जब्बरपाड़ा निवासी रिजवान इकबाल चौधरी (20) ने शिकायत दर्ज कराई कि 12 नवंबर को उस का चचेरा भाई फैजल बाहर फटाखे फोड़ रहा था तभी पड़ोस में रहने वाले मोकिम शेख ने फैजल को पिटना शुरू कर दिया।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

## कृषि निवेश गोष्ठी का किया गया आयोजन

**सीखड संवाद,** विकास खण्ड कार्यालय परिसर में किया गया कृषि निवेश गोष्ठी का किया गया आयोजन गोष्ठी की मुख्य अतिथि केंद्रीय वाणिज्य श्री अन्न की खेती करें और ज्यादा से ज्यादा उत्पादन करें उसके उत्पादन की बिक्री हेतु वर्तमान सरकार प्रयास कर रही है जिसके सापेक्ष सरकार द्वारा श्री अन्न



उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल रही किसानों को संबोधित करते हुए अनुप्रिया पटेल ने कहा कि हमारा देश खाद्यान्न में तो आत्मनिर्भर है परंतु दलहन और तिलहन के क्षेत्र में अभी आत्मनिर्भर नहीं हुआ है किसानो का आह्वान किया और कहां की दलहन की खेती से मिट्टी की उर्वरता शक्ति बनी रहती हैश्री अन्न की खेती पर अधिक जोर दिया कहां की किसान भाई अधिक से अधिक मात्रा में का समर्थन मूल्य निर्धारण किया है उन्होंने कहा कि उन्नत किस्म के बीच का प्रयोग करें सरकार किसानो की आय दुगनी करने के लिए तमाम किस्म की सुविधा प्रदान की है उन्होंने किसानों से कहा कि सरकार द्वारा दिए गए सुविधा का लाभ उठाएं उनके द्वारा कुछ किसानों को मिनी किट का वितरण किया गया उक्त गोष्ठी में बिजली की मनमानी कटौती नीलगाय छुट्टा पशुओं का आतंक आदि समस्याओं के बारे में किसानों ने अवगत कराया |वहीं कृषि जैविक खेती आदि के बारे में लोगों को कृषि उपनिदेशक विकेश पटेल , भाजपा जिला महामंत्री हरिशंकर सिंह, ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह ने मंच के माध्यम से सम्बोधन किया कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव, एडियो पंचायत प्रदीप कुमार सिंह, प्रभारी बीज भडार राहुल देव रोहित, एडीओ कृषि लालबहादुर सिंह, जिला अध्यक्ष रामलौटन विन्द प्रदेश सचिव राजेंद्र प्रसाद, विधानसभा अध्यक्ष धनंजय सिंह, ग्राम प्रधान मुकेश कुमार सिंह, महिपाल सिंह, अखिलेश सिंह , क्षेत्र पंचायत सदस्य शिवेंद्र सिंह सहित कृषि विभाग,पंचायत विभाग,विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी और आंगनबाड़ी कार्यकत्री और हजारों की संख्या में किसान व क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




**बड़े दुख के साथ आप सभी को सूचित करना पड़ रहा है कि 15 नवंबर 2023 को प्रिन्सिपल श्री दयानंद बालक विद्यालय जूनियर कॉलेज, मटुंगा, मुंबई में 20 वर्ष प्रिंसिपल थे व प्रताप कोऑपरेटिव बैंक के भूतपूर्व डायरेक्टर श्री सत्यनारायण सिंह जी की हृदयगति रुक जाने से उनका निधन हो गया। महादेव टावर, ठाकुर काम्प्लेक्स, कांदिवली (पूर्व) से अंतिम यात्रा में उनके चाहने वाले शामिल हुए व पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। कदम कदम पर साप्ताहिक समाचार पत्र परिवार की तरफ से ईश्वर के चरणों में प्रार्थना है कि श्री सत्यनारायण सिंह जी की आत्मा को शांति एवं उनके परिवार को यह असहनीय पीड़ा सहने की शक्ति प्रदान करें।**



भोजपुरी सिनेमा के कलाकार अभिनेता/गायक धर्मेन्द्र खरवार के गाए छठ महापर्व का गीत,सईया परदेशे बाड़न बहंगी बा भारी। यूटयूब चैनल पर प्रसारित हो रहा है। छठ माता के भक्तों को उनका गाया छठ गीत काफी पसंद आ रहा है। इसी परिपेक्ष्य में भागीपट्टी समउर बाजार श्री वर्देश्वर हनुमान मंदिर के पुजारी श्री लोकेश दास जी ने धर्मेन्द्र खरवार को मंदिर प्रांगण में माता रानी की चुनरी ओढ़ाकर उनको अपना आशीर्वाद दिया। इस मौके पर धुरंधर टाइम्स के धुरंधर चौहान मुंबई के वरिष्ठ पत्रकार फिल्म निर्देशक गीतकार कपिलदेव खरवार बिडिसी प्रिंस वैद्यनाथ खरवार समाज सेवक बंका यादव,दीपक खरवार के अलावा हनुमान मंदिर के निमार्ता संत अशर्फी दास भी मौजूद थे।



माननीय पूर्व गृह निर्माण मंत्री श्री जितेन्द्र आव्हाड साहेब के कृपा आशीर्वाद से कलवा पूर्व मोफतलाल तलाब पर भोजपुरी कलाकार रानी चटर्जी जी को सुनने और उनका नृत्य देखने को उमड़ा जनसैलाब सारी पुलिस व्यवस्था चरमरा गई थी ।लोग पेड़ों पर रोड़ पर खड़े होकर उनके कला का प्रदर्शन देखा और उनके द्वारा प्रस्तुत किया गया डांस और गीत का बड़े ही प्रसन्न मन से देखा और सुना ।हम सभी कलवा वाशी अपने विधायक श्री जितेन्द्र आव्हाड साहेब को दिल से बधाई देते हैं। उनके द्वारा किया गया काम हमेशा इन गरीबों के दिल में रहेगा ।सारे नगरवासी हम उनके साथ ही रहेंगे।

# बदलापुर तहसील इकाई की तरफ से दीपावली मिलन समारोह






भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति बदलापुर तहसील इकाई के तत्वाधान में दीपावली मिलन समारोह स्थान संस्था उपाध्यक्ष श्री रविंद्र कुमार शर्मा के निजी आवास ग्रामसभा ऊदपुर गेल्हवा तहसील बदलापुर जौनपुर में दिनाँक 16/11/2023 दिन गुरुवार सुचारू रूप से संपन्न हुआ जिसमें निम्न विशेष मुद्दे पर विचार विमर्श किया गया. संस्था का विस्तारित कर जननायक कर्पूरी ठाकुर जन्म शताब्दी समारोह के विषय में रक्तदान शिविर के आयोजन के विषय में, नई नियुक्तियों के एवं संस्था के विस्तार के संबंध में एवं संस्था को कैडर करने के विषय में जिसमें राष्ट्रीय कमेटी के सभी पदाधिकारी, जिला कमेटी के सभी पदाधिकारी, सभी तहसीलों के पदाधिकारी एवं ब्लॉक के सभी पदाधिकारी उपस्थित रह कार्यक्रम को सफल बनाये कार्यक्रम में प्रांत के कोने कोने से आए हुए स्वजात...



आज मैने अपने गृह जनपद अमेठी के जिला संगठन मंत्री शिवकुमार शर्मा के साथ तिलोई ब्लॉक में भ्रमण कर संगठन के साथियों से मुलाकात की तथा चोटिल तिलोई ब्लॉक अध्यक्ष ऋषि कुमार वर्मा का हाल-चाल लेने उनके आवास रजनपुर पहुंचा। मेरे साथ संगठन के प्रांतीय सचिव उदय राज शर्मा भी साथ रहे। रतवापुर में शिवकुमार शर्मा के परिवार मे शिवकुमार के पिताजी श्री चंद्रपाल वर्मा जी रिटायर्ड आबकारी निरीक्षक व शिवराम वर्मा जी, शिवमंगल वर्मा जी,चंद्रशेखर जी का स्नेह आशीर्वाद प्राप्त किया। वहां से आगे शंकरगंज में रवि वर्मा के प्रतिष्ठान रवी बुक सेंटर पर राजू वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, बृजेश वर्मा, डॉक्टर संतलाल वर्मा, पित्तर लाल से मुलाकात किया। डॉक्टर संतलाल व शिवकुमार के साथ ऋषि कुमार वर्मा का हाल-चाल लेने उनके आवास पहुंचा और उनके पिता श्री राम कुमार वर्मा जी उनके चाचा श्री, उनके दादा श्री, बड़े भाई मनोज शर्मा जी, शिवेंद्र शर्मा जी सहित कई लोगों से मुलाकात की। मोहनगंज में जागेश्वर शर्मा के आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों रामगोपाल, विशाल वर्मा आदि से मुलाकात किया।

**आपका अपना**
**घनश्याम शर्मा प्रदेश**
**अध्यक्ष एम डब्ल्यू ओ**

# मुलुंड में सोल्लास जलाराम जयंती संपन्न

**मुंबई-** मुलुंड प.पर विविध हाल, सोसाइटीज में संत श्री जलाराम बाप्पा जयंती का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

सुनीता आनंद पैलेस,बाल राजेश्वर रोड पर आयोजित समारोह में वरिष्ठ समाज सेवक डॉ.बाबुलाल सिंह,डॉ. आर.आर. सिंह,डॉ.सचिन सिंह (महासचिव उत्तर भारतीय सेल महाराष्ट्र कांग्रेस),रईस खान, राजन उटवाल, भगवान किशोर तिवारी, अजय शर्मा,निक्सन ने जलाराम बाप्पा के दर्शन व आशिर्वाद एवम प्रसाद ग्रहण किया। समारोह का आयोजन विनयचोथानी, मनीष ठक्कर, विपुल गोगरी,अनिल भंडारी,झपट सिंह द्वारा किया गया।



## सूर्य उपासना का महापर्व छठ

इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस पर्व में



सदियों से गंगा नदी व अन्य सरोवरों में सभी जात व धर्म के लोग कतारबद्ध होकर लोग अपने आराध्य देव सूर्य भगवान कि अराधना करते हैं यह झलक अपने आप में वसुधव कुटुबकम की भीं मान्यता है की जिस स्त्री पुरुष ने इस पर्व को पुरी आस्था भावना एवम धार्मिक रीत रिवाज के साथ किया उन्हें भगवान सूर्य ने मन वांछित फल प्रदान किया, छठ पूजा के पर्व पर युवा शक्ति संघ के राष्टीय सचिव, समाज सेवक श्री रुपेश चौधरी व, क्षेत्र पंचायत सदस्य संदीप कुमार, कादीपुर, व रमाशंकर, अवनेंद्र यादव सभी ने छठ पर्व के शुभ अवसर पर छठ व्रतियों को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं.

# उगते सूर्य को दिया अर्घ्य, व्रत का हुआ समापन

**शिवा शर्मा**

**चुनार।** सूर्योपासना पर्व छठ पूजा पर व्रती महिलाओं ने सोमवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया। नगर के बावन जी घाट, शिवाला घाट, किला घाट, संतोषी माता मंदिर घाट, बालूघाट, रामघाट सहित अन्य गंगाघाटों पर महिलाओं ने सूर्य को अर्घ्य दिया। व्रती महिलाओं के परिवार के साथ ही अन्य आस्थावान महिला पुरूषों ने भी अर्घ्य देकर पुत्र के दीघार्यु होने की कामना की। अर्घ्य देने के बाद महिलाएं हाथों में दीपक और परिवार के पुरूष सिर पर प्रसाद लेकर घर को वापस हुए। पूजन के दौरान गंगाघाट पर मेले जैसा माहौल नजर आया। पालिका द्वारा प्रदत्त व्यवस्थाओं की सराहना।

**भोर से ही गंगाघाट पर लगाए गए सहयोग पंडाल में मौजूद रहे पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद**

**चुनार।** छठ पूजा पर व्रती महिलाओं के सुविधाओं का ध्यान रखते हुए पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद के निर्देश पर पालिका ने गंगा के पानी में बैरिकेडिंग, घाट पर वस्त्र बदलने के लिए जगह जगह पंडाल, प्रकाश की व्यवस्था के साथ खोया पाया पंडाल लगाया गया। पंडाल से ध्वनि विस्तारक यंत्र द्वारा पालिका प्रशासन द्वारा पूजा में आएं व्रती महिलाओं के परिवार व अन्य आस्थावान श्रद्धालुओं को गंगा के गहरे पानी में न जाने का संदेश दिया जा रहा था। खोया पाया पंडाल के माध्यम से दर्जनों विछडे बच्चों को उनके परिवार से मिलाया गया। गंगाघाट पर भ्रमण कर पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद ने पालिका की व्यवस्थाओं को भी देखा। व्रती महिलाओं एवं अन्य श्रद्धालुओं ने पालिका की व्यवस्थाओं की सराहना की। पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद ने कहा कि नगर में आयोजित आस्था के महापर्व छठ पूजा पर पालिका द्वारा व्यवस्था प्रदान कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।ईश्वर ने मुझे सेवा का अवसर दिया है यह मेरा सौभाग्य है।खोया पाया पंडाल में पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद के साथ अधिशासी अधिकारी राजपति बैस, जलकल अवर अभियंता सौरभ सिंह, प्रधान लिपिक शैलेश कुमार, सभासद किशन मोदनवाल, मदन लाल, पूर्व सभासद ज्योति प्रकाश सिंह, जगदीश गुप्ता, अधिवक्ता जय कुमार आदि प्रमुख मौजूद रहे।



चुनार बालूघाट पर खोया पाया सहयोग पंडाल में मौजूद पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद, अधिशासी अधिकारी राजपति बैस व अन्य लोग

**संस्थाओं ने लगाएं निःशुल्क दूध व चाय का स्टाल**

**चुनार।** छठ पूजा के अवसर पर विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संगठनों द्वारा गंगाघाट पर सेवा एवं सहयोग भाव से आस्थावान लोगों के लिए निःशुल्क अर्घ्य देने के लिए दूध एव चाय का वितरण किया गया।पूजन करने आएं लोगों ने इस पुनीत कार्य के लिए संगठन एवं उससे जुड़े लोगों की प्रशंसा की है। निःशुल्क दूध व चाय का वितरण छठ पूजा समिति, रौनियार वैश्य समिति, भारतवर्षीय यादव महासभा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, यथार्थ ग्रूप, जय निषाद राज छठ पूजा समिति, हर हर गंगें सेवा समिति, श्री कलश जन कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा किया गया।




चुनार बालूघाट पर व्रती महिलाओं व आस्थावान लोगों को नि:शुल्क चाय वितरित करते रौनियार वैश्य समिति के पदाधिकारी।



चुनार गंगाघाट पर उगते सूर्य को अर्घ्य देते व्रती महिला के परिवार के सदस्य व अन्य आस्थावान लोग।

# राजेंद्र विश्वकर्मा समिति के अध्यक्ष मनोनीत

**सांताक्रुज।** विश्वकर्मा समिति मुंबई की विशेष सर्वसाधारण सभा की बैठक में राजेंद्र विश्वकर्मा को




सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिया गया। शुक्रवार को विश्वकर्मा समिति हॉल में उपस्थित सदस्यों ने विश्वकर्मा समिति के विकास के लिए चयनित कमेटी बनाने पर आम सहमति दी। एड. टी एस विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सुनील राना को चेयरमैन व एड. जे पी शर्मा को महामंत्री चुना गया। अध्यक्ष राजेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा समिति को देश की सर्वश्रेष्ठ संस्था बनाने की दिशा पर मिलकर काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समिति बच्चों के शिक्षा के साथ समाज के गरीब तबकों के विकास के लिए काम करेगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एड. टी एस विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज के विकास के लिए हमें मिलजुलकर काम करने होंगे। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समिति का भवन हमारी एकता का प्रतीक है।

# छठ पूजा पर देवी जागरण का हुआ आयोजन

**चुनार।** छठ पूजा पर रविवार रात बहरामगंज युवा समिति द्वारा भव्य जागरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि कोतवाल चुनार संजीव कुमार सिंह ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक गीत प्रस्तुत कर श्रध्दालुओं एवं श्रोताओं को खूब झूमाया। जागरण की गायिका सुषमा गुप्ता ने ह्यरऊवा बहरा से घरवा जब ना आइब ए बलम जी,छठ घाट केकरा संग हम जाईब ए बलम जी ।




चुनार के बावन जी घाट पर बहरामगंज युवा समिति द्वारा आयोजित जागरण कार्यक्रम में भजन की प्रस्तुति करते कलाकार।

केकरा से हम पिसवाइब धोई गेहूंआ, केकरा से किनवाइब नारियल नेमुआ। वही आनंद देवा ने बड़ी शेर पर सवार रुपवा मनवा मोहत बा और बम बम बोल रहा काशी सुनाकर खूब वाहवाही लूटी साथ ही अन्य कलाकारों ने भी अपनेअपने आवाजों का जादू विखेरा। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल, उपाध्यक्ष संदिप चौहान, सचिव सुरेन्द्र यादव, संरक्षक चमन श्रीवास्तव के साथ ही राजकुमार गुप्ता, लल्लू बिंद, रतन आदि सहित बडी. संख्या मे श्रद्धालु व श्रोतागण मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन धीरज जायसवाल ने किया।

# बच्चों की किलकारियों केबीच सम्पन्न हुआ हुआ जे एन एस का शैक्षिक भ्रमण

## जिस बच्चे से आज प्यार किया गया वह कल प्यार फैलाएगा - उमाशंकर शर्मा



**कदम कदम पर संवाददाता**

**सांगीपुर प्रतापगढ़** - जे. एन. यस. पब्लिक स्कूल दलापट्टी अठेहा की ओर से भारत के प्रथम प्रधानमंत्री ( बच्चों के दिलों की धड़कन) पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जन्मदिवस (बाल दिवस) पर प्रतापगढ़ जिले के सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल भक्तिधाम मनगढ़ का अपने छात्र-छात्राओं सहित समस्त स्टाफ को लेकर भ्रमण कर आपसी भाईचारा व प्यार स्नेह के साथ-साथ देश प्रेम का संदेश दिया।

बच्चों के साथ विद्यालय के सभी सम्मानित शिक्षकों में प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा शर्मा जी, वरिष्ठ शिक्षक जगदीश प्रसाद यादव जी, श्रीमती सुषमा मौर्या जी, श्रीमती माधुरी विश्वकर्मा जी, श्रीमती प्रीति शर्मा जी, रागिनी मिश्रा जी, रितु जी, अंशी विश्वकर्मा जी, आदरणीय अभिषेक सर, इंद्रजीत सर, कवि विवेक विमल सर, राम जी मौर्य ह्लआश्माह्वके साथ उमाशंकर शर्मा प्रबन्धक जी ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामना के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना दी।

## एम डब्लू ओ चंडीगढ़ ने कैंसर मरीज को 2 यूनिट ब्लड देकर की मदद

**चंडीगढ़** – मानव हित में समर्पित सामाजिक संगठन महापदमनंद वेलफेयर ऑगेर्नाइजेशन (एम डब्ल्यू ओ) चंडीगढ़ टीम के संगठन प्रमुख राम बहादुर शर्मा व राकेश शर्मा जी के संयुक्त प्रयास



**जरूरतमंद को दो यूनिट ब्लड उपलब्ध करवाते राम बहादुर शर्मा**

से आजमगढ़ निवासी पिंटू यादव के पिता जी जो पीजीआई चंडीगढ़ में कैंसर का अपना इलाज करा रहें है जरूरत पड़ने पर उन्होंने संगठन के पदाधिकारी से संपर्क कर दो यूनिट ब्लड की अपील की जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संगठन की ओर से उन्हें उन्हे दो यूनिट ब्लड देकर मानवता का संदेश दिया। इस कार्य से खुश होकर एम डब्ल्यू ओ की प्रांतीय कमेटी उत्तर प्रदेश की ओर से प्रांतीय महासचिव शिवदयाल शर्मा व सचिव उदयराज शर्मा ने टीम चंडीगढ़ के कार्यों पर समस्त सम्मानित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी है।



**भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि.**

**मनोनयन**

**प्रिय स्नेही स्वजन**

बड़े हर्ष के साथ आपको अवगत कराया जाता है कि नंद, नाई, सैन, सविता समाज के प्रति समर्पण, कर्मनिष्ठा और जागरूकता को देखते हुए श्री मोहित कुमार शर्मा पुत्र श्री रामनाथ शर्मा निवासी ग्राम हनुआडीह पोस्ट मुफ्तीगंज तहसील केराकत जिला जौनपुर पिनकोड 222170 संपर्क 7310309776 को भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि. संस्था का युवा मण्डल अध्यक्ष वाराणसी मनोनीत किया जाता है।

नाई समाज को पूर्ण विश्वास है कि आप अपने पद का दायित्व पूरी निष्ठा एवम् ईमानदारी के साथ निभाने का पूर्ण प्रयत्न करेंगे।

हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

**ससम्मान धन्यवाद**
**(जिला जौनपुर प्रभारी)**
**नंदवंशी अजय शर्मा**
**मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता**
**भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि.**

---------------------------

**प्रतिलिपि :-**
**1)दिनेश चंद्र शर्मा संस्था अध्यक्ष**
**2) मुन्नालाल शर्मा (वरिष्ठ उपाध्यक्ष)**
**3) मनोज कुमार शर्मा प्रधान महासचिव**
**4) नंदवंशी शैलेंद्र शर्मा संस्था प्रभारी/संस्था मुख्य सचिव**
**5) अशोक कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष एवम् समस्त कोर कमेटी सदस्य।**

---------------------------

**अवलोकनार्थ**
**रा० कोर कमेटी**
**भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति रजि.**

---------------------------

**जय नंद जय नाई समाज जय सविधान**

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादक: छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com